राजस्थान सरकार
आयुक्तालय, कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर
Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur- 302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/ e-mail: cce_raj@gmail.com Ph.: 0141-2706847 (O);

Letter No. CCE/Acad/ Acad. Reforms/2019/ 221-23 Date: 27 July 2019

समस्त प्राचार्य,
राजकीय महाविद्यालय,
राजस्थान।

**विषयः दिनांक 29 जुलाई 2019 को आयोजित होने वाली मासिक परीक्षा के आयोजन के सम्बन्ध में।**

महोदय,

टीम आकाशि ने महाविद्यालयों में गुणात्मक शिक्षा तथा अकादमिक वातावरण बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता से आज एक सकारात्मक माहौल बना दिया है, जिसके लिए आप सभी का साधुवाद। 1 जुलाई से नियमित शैक्षिक सत्र प्रारम्भ करना हमारी एक बड़ी उपलब्धि रही है पर इस उपलब्धि ने एक चुनौती भी खड़ी कर दी है और यह चुनौती है कि इस शैक्षिक सत्र को नियमित तथा जीवंत रखना। मुझे पूरा विश्वास है कि जैसी दृढ़ता हमने इन कक्षाओं को प्रारम्भ करने में दिखाई है उससे बेहतर संकल्पित तथा समर्पण भाव से इस शैक्षिक सत्र को पूरा करेंगे।

13 जुलाई 2019 को आप द्वारा महाविद्यालयों में आयोजित राज्य स्तरीय सामान्य ज्ञान परीक्षा के सफल आयोजन ने एक और कीर्तिमान हम सबकी सफलता में जोड दिया है। इस परीक्षा में राज्यभर में 31,097 विद्यार्थियों द्वारा परीक्षा दिया जाना एक बडी उपलब्धि है। साथ ही साथ, 15 जुलाई से प्रतियोगिता दक्षता की कक्षाओं का पुनः आरम्भ होना एक सुखद अनुभूति तो है ही, साथ ही आपके प्रतिबद्धतापूर्ण दायित्व निर्वाहन का परिचय भी है।

मुझे उम्मीद हैं कि आकाशि कैलेण्डर में दर्शायी गई माह जुलाई की गतिविधियों को आपने क्रियान्वित किया ही होगा। उसमें एक गतिविधि 5 हाऊस (सदन) बनाने की भी थी। कृपया आपके महाविद्यालय स्तर पर इस गतिविधि के संबंध में की गई कार्यवाही से आयुक्तालय को अवगत कराये।

मानसून प्रदेश में आ चुका है हमें महाविद्यालय में वृक्षारोपण की गतिविधि को भी समारोहपूर्वक बड़े पैमाने पर करना है। माननीय मंत्री महोदय तथा सचिव महोदय ने विडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से भी इस हरित राजस्थान अभियान से जुड़ने का आह्वान किया है।

जैसा कि आप सभी को विदित है कि 29 जुलाई 2019 को मासिक परीक्षा का आयोजन किया जाना है। इस एक मासिक परीक्षा के माध्यम से हम **विद्यार्थियों के दो टेस्ट करेंगे।**

सम्भवतः आप सभी को विदित होगा कि महाविद्यालयों में विद्यार्थियों में परीक्षाओं की तैयारी एवं उनमें नियमित अध्ययन के प्रति लगन पैदा करने की भावना अनुरुप इस सत्र से मासिक परीक्षाओं का आयोजन किया जाना है, जिसकी पूर्व सूचना विभिन्न आदेशों तथा आकाशि कलैण्डर 2019–20 के माध्यम से प्रेषित की जा चुकी है। इसी कम में लेख है कि प्रथम मासिक परीक्षा का 29 जुलाई 2019 को आयोजन किया जाना है। इस एक मासिक परीक्षा के माध्यम से **विद्यार्थियों के दो टेस्ट होंगे, जिनका अभिप्राय एवं प्रकिया की** आवश्यक जानकारी निम्नानुसार हैः

प्रथम टेस्ट :–

- यथा संभव सभी प्रश्न–पत्र आपको कॉलेज की ई–मेल पर आयुक्तालय द्वारा मेल किये जायेंगे। प्रश्न–पत्र का अधिकतम अंक 20 रखा गया है जिसमें कुल 11 प्रश्न (5 ऑब्जेक्टिव टाईप, 5 अतिलघुत्तरात्मक एवं 1 लघुत्तरात्मक) होंगे। **तथापि, यदि कोई प्रश्न–पत्र नहीं भेजा गया है, अथवा प्राप्त नही हुआ है तो आप अपने स्तर पर वह प्रश्न–पत्र तैयार करवाकर उसकी मासिक परीक्षा आयोजित करवाया जाना सुनिश्चित करेंगे।**
- सभी प्रश्न–पत्रों में 1–1 अंक के **पांच प्रश्न** वस्तुनिष्ठ प्रकार (ऑब्जेक्टिव टाईप) के होंगे। 2–2 अंक के **पांच प्रश्न** ही अतिलघुत्तरात्मक होंगे जिनका उत्तर 15–20 शब्दों में देना होगा। 5 अंक का एक लघुत्तरात्मक प्रश्न होगा, जिसका उत्तर 50 शब्दों में देना होगा।

- आयुक्तालय द्वारा ई–मेल पर प्रेषित प्रश्न–पत्रों को डाउनलोड करके महाविद्यालय के उपलब्ध संसाधन अनुसार फोटो कॉपी करवा कर अथवा क्लासरुम में ब्लैकबोर्ड पर लिखवाकर विद्यार्थियों को हल करने के लिये देना है।
- प्रश्न–पत्र का उत्तर देने के लिये विद्यार्थी स्वयं के द्वारा लाई गई नोट बुक, रजिस्टर के पृष्ठ अथवा सादा कागज का उपयोग करेंगे। इसके लिए महाविद्यालय द्वारा किसी प्रकार की स्टेशनरी विद्यार्थी को उपलब्ध नहीं करवायी जायेगी।
- इस मासिक **परीक्षा के आयोजन के समय कक्षा–कक्ष में कोई वीक्षक नहीं रहेगा, अर्थात यह परीक्षा बिना वीक्षक** के होगी। **बिना वीक्षक परीक्षा** के आयोजन का **उद्देश्य विद्यार्थियों को अवश्य बतायें** जो कि उनके दूसरे टैस्ट से जुडा है। दूसरे टैस्ट का अभिप्राय नीचे लिखा गया है।
- महाविद्यालय प्रशासन का इस परीक्षा के संबंध में यह उत्तरदायित्व रहेंगा कि वह प्रश्न–पत्र को विद्यार्थियों को उपरोक्तानुसार अवगत करा दें तथा कालांश समाप्ति पर हल उत्तर पुस्तिकाओं का संग्रहण कर लें।
- इस मासिक परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं की महाविद्यालय स्तर पर ही जांच करवाकर विद्यार्थियों की परफॉर्मेन्स की उनको व्यक्तिशः जानकारी दी जायेगी, परन्तु किसी भी स्थिति में **इस परीक्षा के परिणाम को सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित नहीं किया जायेगा।**
- इस परीक्षा में भाग लेने वाले विद्यार्थियों की परफॉर्मेन्स का महाविद्यालय द्वारा ही रिकार्ड संधारित करवाया जायेगा।

**दूसरा टेस्ट :–**

- यह दूसरा अति महत्वपूर्ण टेस्ट विद्यार्थियों में जीवन के प्रति सच्चाई, ईमानदारी, आत्म विश्वास, आत्म विश्लेषण, स्वनियंत्रण और स्वयं को परखने की क्षमता का है, जो बिना वीक्षक इस मासिक परीक्षा को आयोजित करवाने से परिलक्षित होगा।

इन परीक्षाओं के इस प्रकार के आयोजन का अनुभव आप आयुक्तालय से **commissioner.cceraj@gmail.com** पर अवश्य साझा करें, ताकि हम आपके माध्यम से इस भावी पीढ़ी के लिये ***एक बेहतर कल*** की सफल–सुदृढ योजना बना सकें।

**प्रदीप कुमार बोरड़ IAS**
आयुक्त कॉलेज शिक्षा एवं
विशिष्ट शासन सचिव, उच्च शिक्षा राजस्थान

Letter No. CCE/Acad/ Acad. Reforms/2019/ 221-23 ; Date: 27 July 2019

सूचनार्थ प्रतिलिपि प्रेषित है –

1. विशिष्ट सहायक, माननीय मंत्री, उच्च शिक्षा, राजस्थान।
2. निजी सचिव, शासन सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, राजस्थान।
3. निजी सचिव, आयुक्त, कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
4. निजी सहायक, अतिरिक्त आयुक्त, कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
5. वित्तीय सलाहकार, आकाशि, जयपुर।
6. संयुक्त निदेशक HRD/ PI/ P&C/ Acad./ Admn./RUSA/RVRES आकाशि, जयपुर।
7. समस्त प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, राजस्थान।
8. सहायक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, कालेज शिक्षा, जयपुर, अजमेर, उदयपुर, कोटा, बीकानेर, जोधपुर एवं भरतपुर।
9. संबंधित महाविद्यालयों के प्रभारी अधिकारी, कालेज समूह, आकाशि, जयपुर।
10. प्रभारी अधिकारी, नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ, आकाशि को इस प्रयोजनार्थ प्राप्त सुझावों की मॉनिटरिंग करने हेतु।
11. वैब प्रभारी, आकाशि को वैबसाइट पर अपलोड करने एवं संबंधितों को ई–मेल करने हेतु।
12. रक्षित पत्रावली।

आयुक्त कॉलेज शिक्षा